




धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी खरीददारों की भीड़ सोने-चांदी और बर्तनों की जमकर खरीदी

नप्र, भोपाल : धनतेरस के अवसर पर राजधानी के बाजारों में खरीददारों की रौनक देखने को मिली। सोने-चांदी के आभूषणों की दुकानों से लेकर बर्तन बाजार तक ग्राहकों की भीड़ रही। महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में सोने के गहने खरीदे, वहीं लोगों ने पीतल, तांबे और स्टील के बर्तनों की खरीददारी की। व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर देर रात तक चहल-पहल बनी रही।

वृद्धा की नृशंस हत्या, झुमके खींचे तो कान कट गए, पिंचिस से उखाड़े सोना मढ़े दांत

शाहजहांनाबाद की वाजपेयी नगर मल्टी में दिनदहाड़े वारदात से सनसनी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: शाहजहांनाबाद थाना इलाके की वाजपेयी नगर मल्टी में सोने के जेवर लूटने के लिए बदमाशों ने 75 वर्ष की कलरी देवी की निर्ममता से हत्या कर दी। अपराधियों की बर्बरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कान से झुमके खीचने के कारण महिला के कान का हिस्सा कट गया था। चैन खींचने से गले में खरोंच में भी खून निकल आया था। इतना ही नहीं सोना मढ़ा होने के कारण पिंचिस से दांत उखाड़ने की बात भी सामने आई है। गुरुवार दिन दहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी है। पुलिस आयुक्त ने इस मामले को सुलझाने के लिए एसीपी के नेतृत्व में एसआईटी बना दी है। मामले का सुराग देने वाले को 10 हजार के इनाम की भी घोषणा की गई है।

शाहजहांनाबाद थाना पुलिस के मुताबिक मूलत: उत्तर प्रदेश की रहने वाली कलरी देवी प्रजापति वाजपेयी नगर मल्टी के ए-2 ब्लॉक के प्रथम तल के फ्लैट में अपने 40 वर्षीय मूक बधिर बेटे और 20 वर्षीय नाती के साथ रहती थीं। उनकी चारों बेटियों की शादी हो चुकी है। सभी अपने परिवार के साथ रहती हैं। उनका बेटा श्यामला हिल्स क्षेत्र में सरकारी आफिस में नौकरी करता है। गुरुवार सुबह उनका बेटा ड्यूटी चला गया था, जबकि नाती भी किसी काम से कहीं चला गया था।

वृद्धा घर में अकेली थी। पड़ोस में रहने वाली वर्षा नाम की युवती उनका हाल चाल पूछती रहती थी। दोपहर दो बजे वर्षा उनसे बात करने के बाद अपने काम पर चली गई थी। शाम साढ़े चार बजे वर्षा काम से घर लौटी तो कलरी देवी के फ्लैट का दरवाजा खुला था। चाय पिलाने के उद्देश्य से उसने अम्मा कहकर दो-तीन बार आवाज दी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर वर्षा फ्लैट के अंदर चली गई। उसने देखा कि कलरी देवी बाथरूम के पास बेसुध पड़ी हुई थीं। उनके चेहरे, कान पर खून लगा था। गले में लगी खरोंच में भी खून उतर आया था।

शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसमें मुंह दबाकर वृद्धा की हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस उपायुक्त जोन-तीन आयुश गुप्ता ने बताया कि ने लूट के लिए हत्या करने का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। तलाशी के दौरान पुलिस को मौके से कोई औजार नहीं मिला है, लेकिन आशंका है कि सोने के लालच में दांत उखाड़ने के लिए पिंचिस का इस्तेमाल किए जाने की संभावना है। महिला के कान, नाक और गले और पैरों में पहने आभूषण गायब हैं। अपराधियों की तलाश के लिए एसीपी शाहजहांनाबाद अनिल वाजपेयी के नेतृत्व में एसआईटी बनाई गई है।

मल्टी के आसपास लगे सीसीटीवी बंद

दो वर्ष पहले इसी मल्टी में एक मासूम बालिका की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। दो दिन तक चली खोजबीन के बाद लापता मासूम का शव मल्टी की पानी की टंकी से बरामद हुआ था। उस मामले में बालिका के पड़ोस में रहने वाले युवक और उसके परिवार के लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था। भारी जनाक्रोश के चलते मल्टी के आसपास सीसीटीवी लगवाए गए थे। देखरेख नहीं होने के कारण सभी सीसीटीवी धीरे-धीरे कर खराब हो गए। इस वजह से इस मामले में अभी कोई पुख्ता सुराग नहीं लग सका है, लेकिन वारदात के तरीके को देखते हुए हत्या में किसी परिचित व्यक्ति के शामिल होने की संभावना है।

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव नौ को, विशेष पूजन व अभिषेक होगा

नईदुनिया प्रतिनिधि ,भोपाल: अहिंसा के प्रणेता भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव नौ नवंबर को शहर के जैन मंदिरों में श्रद्धा भक्ति उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसी दिन संतो द्वारा भक्ति पाठ के साथ चातुर्मास निष्ठापन होगा। मंदिरों में भगवान महावीर का अभिषेक एवं विशेष पूजा अर्चना होगी। साथ ही शहर के सभी मंदिरों में निर्वाण लाडू अर्पित होंगे। रानी कमलापति जिनालय हबीबगंज में आचार्य समय सागर महाराज ओर शांति नाथ जिनालय में उपाध्याय विश्रुत सागर महाराज के सान्निध्य में भगवान महावीर मोक्ष कल्याणक अवसर पर अनुष्ठान होंगे। इसके लिए प्रमुख मंदिर कमेटी द्वारा शुद्ध पारंपरिक विधि से निर्वाण लाडू बनाए जा रहे हैं। नंदीश्वर जिनालय समिति अध्यक्ष प्रमोद चौधरी एडवोकेट ने बताया कि निर्वाण लाडू के साथ काजू कतली भी बनाई जा रही है। जिसकी सिर्फ लागत के अनुरूप दाम तय किए गए हैं। समिति के डॉ. सर्वज्ञ जैन, निर्मल मुनीम, विवेक जैन, शील चंद्र लक्कया के साथ अन्य पदाधिकारियों द्वारा सेवा कार्य में सहयोग दिया जा रहा है। पुराने शहर के चौक ओर टी टी नगर कमेटी भी यह सुविधा समाज के लोगों को दे रही हैं।



संतो द्वारा भक्ति उच्चारण के साथ वर्षायोग निष्ठापन होगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद बनी सहमति

सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म वेतन 20 हजार रुपये तक बढ़ेगा

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी करने की प्रक्रिया एक महीने में होगी पूरी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: मध्य प्रदेश में तीन दिन से चल रही सफाईकर्मियों की हड़ताल शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के बाद समाप्त हो गई। सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच मांगों को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई। इसके बाद भोपाल के कई इलाकों में सफाई का काम दोबारा शुरू हो गया। नरेला विधानसभा क्षेत्र में भी सफाई अभियान शुरू किया गया।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मगनलाल झांझोट के अनुसार, 25 दिवसीय सफाई कर्मचारियों को विनियमितीकरण की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। इससे उनका मासिक वेतन बढ़कर 18 से 20 हजार रुपये तक हो जाएगा। वहीं, 29 दिवसीय और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी करने की प्रक्रिया भी शुरू होगी। सरकार ने इसके लिए एक महीने का समय दिया है। इस प्रक्रिया के लिए गठित कमेटी में कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। अनुकंपा नियुक्ति के लंबित मामलों पर भी कार्रवाई की जाएगी।



हड़ताल के कारण भोपाल में करीब 2550 टन कचरा जमा हो गया था। चार इमली, कोलार रोड, अटल पथ, मंत्रालय और वल्लभ भवन के आसपास भी गंदगी फैल गई थी। शहर में कचरा संग्रहण के लिए चलने वाली 400 से अधिक गाड़ियां गार्बेज स्टेशनों पर खड़ी रहीं। कई स्थानों पर लोगों ने कचरे में आग भी लगा दी।

हड़ताल के दौरान पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई। कई क्षेत्रों में नलों के वाल्व नहीं खोले गए और टैंकरों से पानी की सप्लाई बंद रही। अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश मंत्री वसी सुल्तान ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में वेतन वृद्धि, नियमितीकरण, अनुकंपा नियुक्ति और ठेका प्रथा समाप्त करना शामिल है। मुख्यमंत्री से बातचीत के बाद कर्मचारियों ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। इसके बाद कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, महापौर मालती राय और निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने 10 नंबर मार्केट में सफाई अभियान चलाया।

बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों का दीपावली पर प्रस्तावित आंदोलन स्थगित

नप्र, भोपाल : मध्य प्रदेश के 45 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों ने दीपावली पर्व के दौरान 7 व 8 नवंबर को प्रस्तावित काम बंद आंदोलन फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी मध्य प्रदेश बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव, महामंत्री दिनेश सिसोदिया और जनता यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र भदौरिया ने दी।

मनोज भार्गव के मुताबिक, बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की 34 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर भोपाल में मध्य क्षेत्र बिजली प्रशासन और जबलपुर में बिजली पारेषण प्रशासन के साथ चर्चा हो चुकी है। शेष चार बिजली कंपनियों पूर्व एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण, बिजली प्रबंधन और बिजली उत्पादन कंपनी के साथ दीपावली के बाद चर्चा प्रस्तावित है। ऊर्जा सचिव के साथ हुई सकारात्मक चर्चा के बाद आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

आईपीएस मलय जैन बने बालाघाट के नए एसपी

नप्र, भोपाल : राज्य सरकार ने 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी मलय जैन को बालाघाट का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। वे अब तक पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थ थे। उन्हें बालाघाट एसपी के साथ सेनानी, हॉक फोर्स का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि नौ दिन पहले बालाघाट के तत्कालीन एसपी आदित्य मिश्रा का तबादला कर उन्हें देवास का पुलिस अधीक्षक बनाया गया था। इसके बाद से बालाघाट में नए एसपी की नियुक्ति का इंतजार था। इसके अलावा गृह विभाग ने चार अन्य आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारियां सौंपी हैं। 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी सचिन कुमार अतुलकर, पुलिस महानिरीक्षक चंबल जोन मुरैना को आईजी एसएएफ ग्वालियर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

5001 दीपों से जगमगाया बाबा बटेश्वर का मंदिर

डेढ़ किलो जेवरात, 11 लाख के नए नोटों से हुआ श्रृंगार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा शुक्र प्रदोष एवं धनतेरस के अवसर पर भगवान धनवंतरी, कुबेर व माता लक्ष्मी के साथ मां गौरा संग बाबा बटेश्वर का जवाहरात नये नोट और फूलों से श्रृंगार किया गया। साथ ही 5001 दीपक प्रज्ज्वलित किए जाने शिवालय जगमगा गया।

समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया शुक्र प्रदोष एवं धनतेरस के अवसर पर अच्छे स्वास्थ्य के लिए औषधि के देवता धनवंतरी धन-धान्य के देवता कुबेर एवं धर्म परायण लक्ष्मी प्राप्ति हेतु माता लक्ष्मी के साथ बाबा बटेश्वर एवं मां गौरा का का विशेष पूजन किया गया। इस मौके पर डेढ़ किलो सोने चांदी के जेवरात, जवाहरात तथा 11लाख रुपये के नए नोट से दिव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही एक साथ 5001 दीप प्रज्ज्वलित करते हुए रात्रि 10 बजे दीपोत्सव मनाया गया। इससे पूरा शिवालय जगमग हो गया। इस अवसर पर ऋषभ शर्मा,आकाश अग्रवाल, केशव फुलवानी, शिशिर मित्तल, मोनू राठौर, प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



मनुआभान की टेकरी के पास युवक से एमडी ड्रग्स बरामद

नप्र, भोपाल : कोहेफिजा थाना पुलिस ने मनुआभान की टेकरी जाने वाले रास्ते पर एक युवक के पास से 5.30 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत 30 हजार रुपये आंकी गई है। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक गुरुवार को मुखबिर से पता चला था कि मनुआभान की टेकरी जाने वाले मार्ग पर खड़ा युवक नशा बेचने के लिए किसी का इंतजार कर रहा है। इस आधार पर पुलिस टीम ने युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से 5.30 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुआ। जो उसने छोटे-छोटे चार पैकेटों में रखी हुई थी। आरोपी की पहचान इंद्रविहार कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय राकेश पुत्र किशन यादव के रूप में हुई। वह पहले भी ड्रग्स की तस्करी में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

बेहद तंगहाली में था नरेंद्र का परिवार गैस सिलेंडर लाने तक को नहीं था पैसा

मां-पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर ट्रेन से कटकर की थी खुदकुशी

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपाल: मालीखेड़ी की एक कालोनी में मां-पत्नी और दो बच्चों का गला काटकर हत्या करने के बाद ट्रेन से कटकर खुदकुशी करने वाले नरेंद्र साहू का परिवार बेहद तंगहाली से गुजर रहा था। यहां तक कि गैस सिलेंडर भरवाने के लिए भी पैसों की तंगी आड़े आ रही थी। उधर कर्ज देने वाले रुपये मांगने के लिए दबाव बना रहे थे।

इस मुद्दे पर नरेंद्र काफी तनाव में रहने लगा था। साथ ही उसका आए दिन परिवार के लोगों से झगड़ा भी होने लगा था। यह बात नरेंद्र के परिवार के लोगों से पुलिस द्वारा की जा रही पूछताछ में सामने आई है। पुलिस के मुताबिक नरेंद्र की बहन मधु ने बताया कि नरेंद्र ने अलग-अलग बैंकों के अलावा परिचितों से भी राशि उधार ले रखी थी। कर्ज लौटाने के लिए जब लेनदार उससे संपर्क करते तो अक्सर वह अपना मोबाइल फोन बंद कर लेता था। ऐसे में लेनदार घर पर फोन लगाकर परिवार के सदस्यों से तकादा करते थे।

मां इस स्थिति से परेशान हो जाती थी। वह नरेंद्र को व्यवस्थित काम-धंधा जमा कर उधारी चुकाने के लिए समझाइश देती थी। इस मुद्दे पर मां-बेटा के बीच आए दिन कहासुनी हो जाती थी। मधु ने यह भी बताया कि जिस दिन घटना हुई, उसके एक दिन पहले नरेंद्र के घर में गैस खत्म हो गई थी। सिलेंडर भरवाने के लिए रुपये की व्यवस्था नहीं होने के कारण उसकी भाभी मेरे घर पर खाना पकाकर ले गई थी। पुलिस को इस बात की आशंका है कि लगातार तनाव के कारण ही नरेंद्र ने इस तरह की वारदात को अंजाम दिया है। उधर सूखी सेवनिया थाना पुलिस नरेंद्र की खुदकुशी के मामले की जांच कर रही है। वह नरेंद्र के आर्थिक लेने-देन की जानकारी जुटा रही है। इसके लिए उसके बैंक खातों की जानकारी लेकर संबंधित बैंकों के प्रबंधन को पत्र लिखकर नरेंद्र द्वारा लिए गए कर्ज, खातों से लेन-देन की तमाम जानकारी मांगी गई है। हालांकि परिवार के लोगों से अभी तक हुई पूछताछ में किसी सूदखोर का नाम सामने नहीं आया है।

पुलिस के निशाने पर वरुण के मददगार, पूछताछ होगी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल हत्याकांड के आरोपी वरुण कुमार की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब उसके मददगारों का पता लगाने में जुटी है। वरुण एक माह से अधिक समय तक पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहा था। पुलिस को आशंका है कि इतनी लंबी फरारी काटने में उसने हर हाल में कई लोगों की मदद ली होगी। शहर दर शहर भाग रहे वरुण ने इस दौरान किसी ना किसी से आर्थिक मदद भी ली होगी। पुलिस इस सबंध में वरुण से सघन पूछताछ कर रही है। साथ ही उसके रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जाएगी।

एक फोन से मिला सुराग और धरा गया

वारदात के बाद भागे वरुण ने पूरे समय मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखी। इस वजह से पुलिस को उसकी लोकेशन पता करने में सफलता नहीं मिल पा रही थी। पुलिस टीम ने उसके पैतृक निवास के अलावा सभी रिश्तेदारों के घर पर दबिश भी दी थी, लेकिन वरुण का कोई सुराग नहीं लग सका था। पुलिस ने उसके तमाम रिश्तेदारों के फोन निगरानी पर रख लिए थे। आगरा में फरारी काट रहे वरुण ने बहन से बात करने के लिए अपने एक दोस्त के फोन का उपयोग किया। बस यही चूक उसके लिए गिरफ्तारी का फंदा बन गई। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर उसे तत्काल दबोच लिया। पुलिस अब उसके दोस्त से भी पूछताछ करेगी। बतादें कि केयरटेकर वरुण वाल्मिकी ने 29 सितंबर की रात सूरज नगर में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल की गला रेतकर हत्या कर दी थी। उसके बाद लूटपाट कर मौके से फरार हो गया था। हाल ही में पुलिस ने उसे आगरा से गिरफ्तार कर लिया था। वर्तमान में वह सात दिन की पुलिस रिमांड पर है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है।

पिस्टल के साथ धराया बदमाश, पहले से दर्ज हैं 15 मामले

नप्र, भोपाल : कोहेफिजा थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। उसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में 15 संगीन अपराध पहले से दर्ज हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। कोहेफिजा थाना पुलिस के अनुसार मुखबिर से पता चला था कि सैफिया कालेज ग्राउंड में एक युवक संदिग्ध रूप से बैठा हुआ है। उसके पास घातक हथियार हो सकता है। सूचना की तस्दीक करने के बाद पुलिस ने मैदान में पेड़ के पास बैठे युवक को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। तलाशी में उसके पास से कपड़ों में छिपाकर रखी गई पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी की पहचान फैमस होटल के पीछे अशोकागार्डन निवासी 31 वर्षीय शफीकउल्ला उर्फ सप्पू पिस्टल के रूप में हुई। उसके खिलाफ पहले से 15 केस दर्ज हैं।

छोड़ चुके थे उम्मीद, धनतेरस पर वापस मिले मोबाइल फोन तो खिल गए चेहरे

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपाल: कीमती मोबाइल फोन चोरी चले जाने पर उन लोगों ने पुलिस में शिकायत तो दर्ज करा दी थी, लेकिन फोन वापसी की उम्मीद लगभग छोड़ ही दी थी। इनमें से कुछ इस तरह के व्यक्ति भी थे,जिनका व्यवासाय ही मोबाइल के माध्यम से चल रहा था। धनतेरस के अवसर पर जब पुलिस ने बाकायदा फोन उन्हें बुलाकर गुम हुए मोबाइल फोन वापस लौटाए, तो उनके चेहरे खुल गए और त्योहार की खुशी दो गुनी हो गई।

एसीपी निशातपुरा शशांक जैन ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गुम मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, दीपावली के त्यौहार पर निशातपुरा पुलिस द्वारा 70 लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन उनको सुपुर्द किए। इस अवसर पर निशातपुरा थाना प्रभारी मनोज पटवा एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। उधर बैरागढ़ थाना प्रभारी अशोक गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीईआईआर पोर्टल की तकनीकी सहायता से मोबाइल आइएमईआई नंबरों की ट्रैकिंग एवं अद्यतन डाटा के विश्लेषण के आधार पर त्योहारों के दौरान अभियान चलाया जाकर थाना बैरागढ़ क्षेत्र से गुम हुए कुल 31 मोबाइल फोन बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। वितरित किये गये मोबाइल वर्ष 2024 से लेकर अभी तक गुम हुए थे।





निवाड़ी विधायक अनिल जैन के बंगले में चोरी, एलईडी टीवी और ड्रायफ्रूट्स ले गए बदमाश

नप्र, भोपाल : राजधानी के श्यामला हिल्स इलाके में निवाड़ी से भाजपा विधायक अनिल जैन के बंगले में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाश खिड़की के सरिए तोड़कर बंगले में दाखिल हुए और एलईडी टीवी, ड्रायफ्रूट्स के डिब्बे तथा चश्मा चोरी कर ले गए। वारदात 3 और 4 नवंबर के बीच की बताई जा रही है।

खिड़की के सरिए तोड़कर अंदर घुसे आरोपी, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात

चोरी का पता उस समय चला, जब बंगले पर कर्मचारी पहुंचा। सूचना मिलने पर गुरुवार रात श्यामला हिल्स पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने खिड़की के सरिए तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद कमरों में रखे सामान को खंगाला और कीमती वस्तुएं लेकर फरार हो गए। घटना के समय बंगले में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। वारदात के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दो संदिग्ध आरोपी बंगले में आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस उनकी पहचान करने के साथ ही वारदात के दौरान आने-जाने वाले रास्तों की जानकारी जुटा रही है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है।